दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 19.03.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 19.03.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के गणित विभाग में दिनांक 19 मार्च 2026 को शैक्षणिक अंकेक्षण (एकडेमिक आडिट) सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अंकेक्षण का उद्देश्य विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण–पद्धति, शोध गतिविधियों तथा अधोसंरचना (Infrastructure) का समग्र मूल्यांकन करना था।

अंकेक्षण प्रक्रिया में बाह्य विशेषज्ञ डॉ. लतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर, बुद्धा डिग्री कॉलेज, गोरखपुर द्वारा विभागीय कार्यों, पाठ्यक्रम संचालन, विद्यार्थियों की प्रगति तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया गया।

गणित विभाग के प्रभारी डॉ सूरज कुमार शुक्ल ने कहा कि अंकेक्षण के दौरान विभाग की अनेक विशेषताओं को सराहा गया, जिनमें अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के मध्य उत्कृष्ट समन्वय एवं विद्यार्थियों के लिए नियमित रिमेडियल कक्षाओं का संचालन प्रमुख बिन्दु रहे साथ ही, कुछ सुधारात्मक बिंदुओं की भी पहचान की गई, जैसे अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण, पुस्तकालय में पाठ्यसामग्री की वृद्धि एवं शिक्षकों की संख्या में विस्तार।

विशेषज्ञ द्वारा विभाग को यह सुझाव दिया गया कि भविष्य में अनुसंधान गतिविधियों को और अधिक सशक्त किया जाए तथा राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं FDPs में सहभागिता बढ़ाई जाए। गणित विभाग ने इन सुझावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए भविष्य में गुणवत्ता उन्नयन हेतु सतत प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया है।

ऑडिट के दौरान डॉ. पवन पाण्डेय, डॉ. नितीश शुक्ल, डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ आनंद मिश्रा, डॉ. रामपाल मौर्या, श्री प्रणव पाण्डेय, श्री मुदित दुबे सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क